शिक्षक दिवस पवित्र रिश्ते का प्रतीक है : वासुदेव देवनानी

भारत की शिक्षा पद्धति का योगदान सम्पूर्ण विश्व में अद्वितीय रहा है

अजमेर, (कासं)। शिक्षक दिवस केवल औपचारिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह उस पवित्र रिश्ते का प्रतीक है जो शिक्षक और शिष्य के बीच अटूट बंधन को दर्शाता है। भारत की शिक्षा पद्धति का योगदान सम्पूर्ण विश्व में अद्वितीय रहा है। तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों में वेदों पर आधारित ज्ञान परंपरा रही, जहाँ विश्व के विभिन्न हिस्सों से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते थे। यह कहना था राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का जो राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक दिवस पर आयोजित विशेष समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित कर रहे थे।

वासुदेव देवनानी ने आगे कहा कि किसी भी संस्था की प्रगति तीन मुख्य स्तंभों पर निर्भर करती है – सशक्त नेतृत्व, समर्पित टीम और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण। गुरु-शिष्य संबंध पर प्रकाश डालते हुए देवनानी ने कहा कि 'हम केवल 60 मिनट के शिक्षक नहीं, बल्कि आजीवन शिक्षक हैं। हमें विद्यार्थियों से निरंतर संवाद स्थापित करना चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने शोध कार्यों की दिशा पर बल देते हुए कहा कि 'हमारा शोध गरीब और वंचित वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाला होना चाहिए।

शिक्षा और अनुसंधान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना होना चाहिए।' राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण शिक्षा को मानव जीवन की सबसे बड़ी साधना मानते थे। उनका मानना था कि सच्चा शिक्षक वह है जो हमें आज के लिए नहीं बल्कि भविष्य के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण था शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार जिसमें तीसरी बार भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों से चयनित शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और शिक्षण में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए असाधारण प्रतिबद्धता दिखाई है।

इस विशेष अवसर पर देवनानी के कर कमलो द्वारा विश्वविद्यालय के सोमनाथ शर्मा अकादमिक भवन, ठोनेडियर योगेंद्र सिंह यादव अकादमिक भवन और मेजर धन सिंह थापा अकादमिक भवन में नवनिर्मित 6 एआई एकीकृत स्मार्ट सेमिनार कक्षों का उद्घाटन किया गया।

अजमेर में शिक्षक दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथ्य में किया।

- **'हम केवल 60 मिनट के शिक्षक नहीं, बल्कि आजीवन शिक्षक हैं।**

भरतपुर में शिक्षक दिवस पर वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान

- **ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा ने सभी वरिष्ठ सेवानिवृति शिक्षकों का साफा बांधकर, दुपट्टा पहनाकर, प्रतीक चिंह व श्रीफल देकर सम्मानित किया।**
- **मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षकों के अमूल्य योगदान, समर्पण और समाज तथा राष्ट्र के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका को सम्मान करना हमारा परम कर्तव्य है। शिक्षक ही समाज को नई दिशा देता है और शिष्यों को संस्कारवान बनाता है।**

भरतपुर (निस)। ब्राहमण समाज द्वारा हनुमान मंदिर जवाहर बुर्ज भरतपुर पर सेवानिवृति दिनेश चंद शर्मा की अध्यक्षता में व महेन्द्र कुमार शर्मा गादौली के सानिध्य में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरवन कोपरेटिव बैंक के अध्यक्ष योगेश शर्मा लाला व डॉ. लोकेश शर्मा थे एवं विशिष्ट अतिथि अशोक लवानियां, श्याम सुन्दर कटारा, सेठ दाउदयाल, चेतन शर्मा, परषोत्तम कटारा, घनश्याम अवस्थी, सुभाष व्यास, जुगल बन्दूक, बाबूलाल फौरन सिंह थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा हनुमानजी के सामने दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम के जिला संयोजक जसवंत दारापुरिया थे।

ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा ने सभी वरिष्ठ सेवानिवृति शिक्षकों का साफा बांधकर, दुपट्टा पहनाकर, प्रतीक चिंह व श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षकों के अमूल्य योगदान, समर्पण और समाज तथा राष्ट्र के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका को सम्मान करना हमारा परम कर्तव्य है। शिक्षक ही समाज को नई दिशा देता है और शिष्यों को संस्कारवान बनाता है। इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रकट किये। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे जिनमें जितेन्द्र कुमार शर्मा, शशांक गुर्जर, नेकराम नेक, लोकेन्द्र सुमन, छीतर सिंह बाबा, पुनीत गुर्जर पीटीआई, डॉ. कृष्ण कन्हैया, भरत खटाना, दिनेश सिंराधना, अर्जुन सिंह चौकीपुरा, राजेश चौधरी, राकेश सिंह, यदुवीर सिंह, चन्द्रभान फौजदार आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जसवंत दारापुरिया ने किया व आभार व्यक्त श्याम सुन्दर कटारा ने किया।

गोठया छोटी में चोरों ने घर में घुसकर 2.70 लाख की नगदी चोरी की

- **ग्रामीणों ने दो चोरों को दबोच कर की पिटाई, पुलिस ने करवाया अस्पताल में भर्ती, दो चोरो किया गिरफ्तार, दो फरार**
- **उपचार के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार एक कार को भी किया जप्त**

सादुलपुर, (निसं)। गांव गोठया छोटी में एक मकान में दो सितंबर की रात्रि को चोरी के लिए मकान में घूसे दो चोरों को ग्रामीणों ने पकडकर जमकर पिटाई की तथा एक कार को भी ग्रामीणों ने पकडकर पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार शाम साढे छः बजे मिली जानकारी के अनुसार घटना में दो आरोपी चोर फरार होने में सफल हो गए थे, जबकि दो चोरों को मौके से ग्रामीणों ने पकड लिया।

वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया तथा उपचार के बाद शुक्रवार को पुलिस ने कार को जप्त कर दोनों आरोपी चोरों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। जबकि पुलिस द्वारा जप्त कार के नम्बर भी आगे पीछे के भिन्न-भिन्न है। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि मामले में आरोपी अनिल कुमार पुत्री बलवीर बांवरी (20) निवासी अल्ताफगढ तहसील सफीदों जिला जींद हरियाणा तथा हवा सिंह उर्फ बिल्लू उर्फ राजेश पुत्र मामन राम बांवरी उम्र 50 साल निवासी वार्ड नंबर 4 नारनौंद पीएस नारनौंद हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में संदीप सिंह उम्र 35 साल निवासी गोठया छोटी ने राजगढ थाने में मामला दर्ज करवाकर बताया कि 1 व 02 सितंबर की मध्य रात्रि के समय लगभग 3.00बजे वह अपने घर पर सो रहा था। अचानक पास के कमरे में कुछ आवाज आई तो वह खडा होकर देखा तो दो व्यक्ति सन्दूक को खोल रहे थे। दो व्यक्ति बाहर आंगन में खडे थे। जिन्होंने उसको देखकर धक्का देकर बाहर खडी कार लेकर भागने लगे। उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। तो आसपास के पडोसी जाग गए एवं उनका पीछा करके दो आरोपियों को कार सहित पकड लिया। पकडे गए आरोपी का नाम हवा सिंह अनिल सिंह ओर भागने वालो का नाम राजीव और सुनील बताया।

दर्ज मामले में बताया कि कार पर दो भिन्न-भिन्न नंबरों की प्लेट लगी हुई थी। आगे के नंबर एच आर 49 जे 8756 पीछे के नंबर एच आर 29 ए एस 1751 है। दर्ज मामले में बताया कि उक्त व्यक्ति रात्रि के समय घर में घर में घूसकर सन्दूक में रखे 2 लाख 70 हजार रुपए चोरी करके ले गए। प्रकरण की जांच कर रहे सुनील कुमार पिलानिया हैड कांस्टेबल ने बताया कि घटना के दिन गिरफ्तार दोनों आरोपियों को ग्रामीणों ने पकडकर पिटाई कर दी थी। जिसके कारण उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया तथा उपचार के बाद शुक्रवार को दोनों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने घटना के काम में ली गई कार को भी जप्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों से पूछताछ जारी है।

प्राचीन जादू कला का अस्तित्व बचाने के लिए आज प्रदेश के 125 जादूगर जुटेंगे अजमेर में

अजमेर में राजस्थान के जादुगर जादू की कला पर छह सितंबर को चर्चा करेंगे।

- **राजस्थान के 125 से अधिक जादूगरों को अजमेर के सूचना केंद्र सभागार में 6 सितंबर को 10:30 बजे सेमिनार होगा**

अजमेर, (कासं)। भारत की अत्यंत प्राचीन जादू कला का अस्तित्व बचाने हेतु राजस्थान के 125 से अधिक जादूगर अजमेर के सूचना केंद्र सभागार में 6 सितंबर को 10:30 बजे एकत्रित हो रहे है, जहां वह अपना कला-कौशल एक-दूसरे को दिखाएंगे एवं सिखाएंगे भी। जादू कला के उत्थान व जादूगरों के कल्याण का बीड़ा उठा कर समस्त राजस्थानी जादूगर, मैजिशियनस एसोसिएशन राजस्थान के बैनर तले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से 10:30 बजे संवाद करेंगे।

पत्रकार वार्ता में मैजिशियनस एसोसिएशन राजस्थान के हैरती व संस्था के संरक्षक मायावी जूनियर ने बताया कि आज तक जादू कला को ललित कला में नहीं जोड़ा गया है और न ही आज तक जादू कला पर राज्य सरकार ने कोई बोर्ड का गठन किया है। सरकार से जादू कला को प्रोत्साहन नहीं मिलने की वजह से यह कला राजस्थान से लुप्त प्रायः सी हो रही है और युवा वर्ग इस कला को व्यवसाय के रूप में अपनाने को तैयार नहीं है तथा पुराने 80 प्रतिशत जादूगरों की उम्र 60 से ज्यादा हो चुकी है।

वर्तमान पीढ़ी बिना राजकीय प्रोत्साहन के इस कला को अपनाने को तैयार नहीं हैं। राज्य के चंद जादूगर ही इस कला का प्रदर्शन कर रोजी-रोटी कमा रहे हैं उनकी भी कमर टूटने के कगार पर है, इस हतोत्साहित माहौल में इस कला को कैसे बचाया जाए एवं इसके माध्यम से कैसे रोजगार पैदा किये जाए। जादूगरों की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ इस पर भी चर्चा होगी।इस दौरान पत्रकार वार्ता में उपस्थित पत्रकारों को जादूगर पल्लव में अपनी कला का जादू बिखरते हुए कुछ करतब भी दिखाएं

जादूगर आपस में प्रतियोगिता भी करेंगे तथा जादूगरों की कार्यशाला का भी आयोजन होगा। संस्था के संरक्षक मायावी जूनियर ने अथक प्रयास कर, इस संस्था का गठन कर राजस्थान के समस्त जादूगरों को साथ लेकर कला के उत्थान का संकल्प लिया, जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष जादूगर हैरती जी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भविष्य में राजस्थान में 'जादू कला अकादमी' की स्थापना हो, इस हेतु भी सम्मेलन में चर्चा होगी और 'जादू कला बोर्ड' की स्थापना हेतु सरकार से भी आठाह किया जाएगा।

'जादूगर कल्याण कोष' के लिए भी जादूगर मायावी जूनियर प्रयासरत है एवं निकट भविष्य में श्रेष्ठ जादू प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से युवा वर्ग को जादू कला का प्रशिक्षण एंव इस कला को जीवित रखने का प्रयास करेंगे।

राहुल गांधी व तेजस्वी यादव का पुतला जलाया

- **वन मंत्री बोले- मोदी की मां पर टिप्पणी का जवाब बिहार चुनाव में जनता देगी**
- **राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के पुतले की शव यात्रा निकाली**

अलवर। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी की मां पर टिप्पणी करने के आरोप में बीजेपी के नेताओं ने शुक्रवार को अलवर शहर में वन मंत्री संजय शर्मा और बीजेपी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद के नेता तेजस्वी यादव का मिनी सचिवालय के बाहर पुतला जलाया। उससे पहले पुतले की शव यात्रा निकाली गई।

वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा जिस तरह से राहुल गांधी के मंच पर बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता पर अशोभनीय टिप्पणी की उससे पूरे देश में राहुल गांधी सहित इंडिया गठबंधन के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। इसका जवाब बिहार चुनाव सहित पूरे देश में कांग्रेस को मिलेगा। उन्होंने कहा मां पूजनीय है वह किसी की भी मां हो। मां के प्रति इस व्यवहार को देश माफ नहीं करेगा।

अलवर में 80 मेधावी छात्र सम्मानित

अलवर। गोविंदगढ़ के हर्ष टीटी कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर मोनू खेड़ापति की स्मृति में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विश्वजीत सिंह मौजूद थे। समारोह की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज गोविंदगढ़ के अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने की।

कार्यक्रम में 65 सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इनमें सबसे वरिष्ठ 92 वर्षीय लल्लूराम शर्मा रहे। इसके अलावा 88 वर्षीय राधेश्याम आर्य, 85 वर्षीय शिखरचंद्र गर्ग और 82 वर्षीय राधेश्याम सारस्वत सहित कई वरिष्ठ शिक्षकों को शाल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में 80 प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 10 वीं, 12वीं, स्नातक, एमबीबीएस और डॉक्टरेट स्तर तक के छात्र शामिल रहे। राज्य स्तर के गोल्ड मेडलिस्ट और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को भी सम्मान दिया गया। इसी अवसर पर अलवर में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विश्वजीत सिंह को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विधायक सुखवंत सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शन करते हैं और विद्यार्थियों को सत्य की राह तथा जीवन के संघर्षों से लड़ना सिखाते हैं। कार्यक्रम में कस्बे के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

नदी में युवक डूबा

उदयपुर । नदी से भैंस को निकालते समय पानी में बहने से डूबने पर युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर में भल्लों का गुड़ा कुराबड़ निवासी गोपाल कृष्ण डांगी (19) पुत्र हिरलाल डांगी अपने चचेरे भाई विशाल पुत्र मोहन दोनों भैसे चराने के लिए उदयसागर नदी की तरफ गए थे। जहां भैसे नदी में उतरने पर उन्हें गोपाल बाहन निकालने के लिए गया। जहां पांव फिसलने पर नदी के तेज बहाव में डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस व परिजनों ने मिल कर मृतक को बाहर निकाला। एएसआई

गंभीर नदी की सपाट पर पलटा ट्रक, बड़ा हादसा टला

बयाना भरतपुर (निस)। रुदावल रुदावल थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाँव नदीगाँव में शुक्रवार को गंभीर नदी की सपाट पर एक ट्रक पलट गया। घटना के समय नदी की सपाट पर पानी का तेज बहाव चल रहा था, जिससे सड़क दिखाई नहीं दे रही थी। इसके बावजूद, कई वाहन चालक जान जोखिम में डालकर उस मार्ग से गुजरने का प्रयास कर रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक भी उसी बहाव में फंस गया और अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ठाामीणों की भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई। खेरिया मोड़ पुलिस चौकी के एएसआई घनश्याम पोशवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बाद में ट्रक को क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी बारिश और नदी में जलभराव की स्थिति को देखते हुए इस मार्ग पर उचित चेतावनी बोर्ड लगाए जाएँ और आवश्यकता हो तो मार्ग को अस्थायी रूप से बंद किया जाए।

आरपीएससी ने जारी किया कृषि विभाग भर्ती परीक्षा-2024 का विस्तृत कार्यक्रम

- **परीक्षाओं का आयोजन 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा।**

अजमेर । राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि विभाग भर्ती परीक्षा-2024 के अंतर्गत विभिन्न पदों की परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि इन परीक्षाओं का आयोजन 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा।

कृषि विभाग परीक्षा कार्यक्रम – सामान्य ज्ञान भर्ती अंतर्गत सभी 13 पदों के अभ्यर्थियों के लिए सामान्य ज्ञान का पेपर 12 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से 3:40 बजे तक होगा। 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11:50 बजे तक सहायक कृषि अधिकारी तथा दोपहर 3 से 4.50 बजे तक सांख्यिकी अधिकारी के पदों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 14 अक्टूबर को सुबह 10 से 11.50 बजे तक एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- एठीकल्चर केमिस्ट्री तथा दोपहर 3 से 4.50 बजे तक एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- एठोनॉमी की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। 15 अक्टूबर को प्रातः 10 से 11.50 बजे तक एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- एंटोमोलॉजी तथा दोपहर 3 से 4.50 बजे तक एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- एठीकल्चर बॉटनी की परीक्षा होगी। 16 अक्टूबर को सुबह 10 से 11.50 बजे तक एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- प्लांट पैथोलॉजी तथा दोपहर 3 से 4.50 बजे तक एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- हॉर्टिकल्चर की परीक्षा का आयोजन होगा। 17 अक्टूबर को सुबह 10 से 11.50 बजे तक असिस्टेंट एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- एठीकल्चर केमिस्ट्री तथा दोपहर 3 से 4.50 बजे तक असिस्टेंट एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- एठोनॉमी की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। 18 अक्टूबर को सुबह 10 से 11.50 बजे तक असिस्टेंट एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- एंटोमोलॉजी तथा दोपहर 3 से 4.50 बजे तक असिस्टेंट एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- बॉटनी की परीक्षा होगी। 19 अक्टूबर को सुबह 10 से 11.50 बजे तक असिस्टेंट एठीकल्चर रिसर्च ऑफिसर- प्लांट पैथोलॉजी की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सहायक सांख्यिकी अधिकारी (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) परीक्षा-2024 – आयोग द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) परीक्षा-2024 का आयोजन भी 12 अक्टूबर 2025 को किया जा रहा है। यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी।

अलवर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्य सम्मानित

अलवर में शिक्षक दिवस पर प्रधानाचार्यों का सम्मान किया।

अलवर। केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने जिले के सरकारी विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य और ई-लाइब्रेरी निर्माण में निष्ठा भाव से कार्य करने वाले प्रधानाचार्यों का शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान पत्र, श्रीफल और शॉल भेजकर सम्मान किया।

अलवर सांसद खेल उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील केंद्रीय मंत्री यादव ने सभी प्रधानाचार्य व शिक्षकगण से आठाह किया कि अलवर सांसद खेल उत्सव में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया-हिट इंडिया संदेश को आगे बढ़ाते हुए यह खेल प्रारंभ किए गए हैं। सभी शिक्षकगण व आमजन खिलाड़ियों को इसमें भाग लेने के लिये प्रोत्साहित करें और स्वयं भी अपनी भागीदारी निभाएं ताकि इस आधुनिक डिजिटल युग में युवा व बच्चे ग्राउंड से जुड़ सकें। साथ ही इस मंच के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और उन्हें देश के उत्कृष्ट कोचों से कोचिंग भी दिलाई जाएगी।

लूट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

- **उंडावेला में ललित व तीन लडकों ने मेरे साथ मारपीट की व बाईक लूट ले गए।**

उदयपुर । बाइक चालक से मारपीट कर बाईक लूट के मामले में आरोपी को झाड़ोल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार मीठालाल पुत्र केशुलाल निवासी चतरपुरा पुला खराड़ा झाड़ोल ने पुलिस थाने में 20 अप्रेल को रिपोर्ट दी कि मैं 18 अप्रेल को बाईक लेकर घर से झाड़ोल जा रहा था। जहां बीच रास्ते में उंडावेला में ललित व तीन लडकों ने मेरे साथ मारपीट की व बाईक लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उपाधीक्षक नैत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में एएसआई जगदीश कुमार मय टीम ने कार्यवाही करते हुए अशोक पुत्र बाबूलाल निवासी सरादीत वाघपुरा को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। इस मामले में पूर्व में दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके है।

वृद्धा की हत्या

उदयपुर । घर में घुस कर वृद्धा की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या करने वाले अज्ञात हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात में सायरा थाना क्षैत्र रावछ गांव निवासी मैतीबाई (60)पत्नी विसाराम की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से गला रेत दिया। इसका पता चलने पर परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात में मैतीबाई कमरे में साई थी एवं पति बाहर सोया था।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

- **जीजा घायल, ट्रेलर की टक्कर से अनियंत्रित हो गया था ट्रक; अंबाजी जा रहे थे**

डूंगरपुर (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में शिशोद के पास एक ट्रक को ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रक ने आगे चल रही बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत हो गई, जबकि घायल जीजा का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने दोनों के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए है। तीनों गुजरात के शक्तिपीठ अंबाजी धाम दर्शनों के लिए जा रहे थे। बिछीवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार रोनिश पुत्र लक्ष्मण खराड़ी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की बुधवार को वह बाइक लेकर अपने साले मुकेश पुत्र रामजी डोडियार निवासी घुघरा के घर गया था। वहां से उसका साला मुकेश ओर बड़े साले काउवा का बेटा मनोज तीनों ही बाइक लेकर गुजरात के अंबाजी धाम जाने के लिए रवाना हुआ। शिशोद पुलिया के पास वे सड़क के किनारे बाइक लेकर जा रहे थे। इसी समय एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मार दी। इससे ट्रक अनियंत्रिक होकर साइड में चल रही बाइक को चपेट में ले लिया। इससे साले मुकेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल मनोज को डूंगरपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों के शव को अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया। जहां एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।